(2) Kota stone flooring in lst class and 2nd class concourse and 2nd class waiting hall.

(3) Extension and face-lifting of station building at Delhi end.

The renovation work taken up in Gwalior Station is a part of model station scheme under which 67 stations of Indian Rlys. are being developed as model stations. Under this scheme, the following amounts are planned to be spent:

1987-88	—	34.42 \akhs
1988-89	—	52.94 lakhs
1989-90	—	65.49 lakhs
1990-91	—	58.44 lakhs

Consumption of Alcohol on IT Flights

945. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether consuming alcohol is permitted on Indian Airlines flights;

(b) if not, whether it is a fact that alcohol is regularly consumed almost on all night flights assisted by employees of Indian Airlines; and

fc) if so what action Government propose to take in this regard?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE AND THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI MOTI LAL VORA): (a) Yes, Sir. Passengers travelling on Indian Airlines flights are permitted to consume liquor.

(b) and (c) Do not arise.

हिन्दी भाषा का प्रसार

946. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :

श्री राम चन्द्र विकल :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "क" और "ख" क्षेत्रों में राजभाषा अधिनियम की पूर्णतः अवहेलना करते हुए अंग्रेजी/रोमन लिपि के कम्प्यूटरों, टेलेक्स मशीनों और टेलीप्रिंटरों जैसे दर्जनों आधुनिक यंत्रों के आगमन और अबाधित प्रयोग के फलस्वरूप हिन्दी के प्रसार का कार्य वर्षों पीछे पड़ गया है और जहां भी टेलेक्स मशीनें लगायी गई हैं वहां से एक भी तार हिन्दी में नहीं भेजा गया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि "क" क्षेत्रों में अंग्रेजी के टंकन यंत्रों आदि की तुलना में देवनागरी के टंकन यंत्रों, टंककों और आशुलिपिकों की संख्या नहीं के बराबर है जबकि उनकी संख्या 50 : 50 होनी चाहिए थी ; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और हिन्दी भाषा के प्रसार के लिए क्या नए कदम उठाए गए हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमार सरोज खापर्डे) : (क) मंत्रालय में एक द्विभाषी (हिन्दी-अंग्रेजी) कम्प्यूटर और एक द्विभाषी शब्द-संसाधक है । तार भी हिन्दी में भेजे जा रहे हैं ।

(ख) मंत्रालय में 37 देवनागरी टाइपराइटर हैं और आवश्यकतानुसार और खरीद लिए जायेंगे ।

(ग) मंत्रालय और इसके संगठनों में हिन्दी का उत्तरोत्तर प्रयोग बढ़ता जा रहा है । हिन्दी के प्रसार के लिए उठाए गए कदमों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं : (1) हिन्दी टिप्पण/आलेखन पर कार्यशालाएं (2) हिन्दी सप्ताह का आयोजन (3) राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के मूल्यांकन के लिए देश के विभिन्न भागों में स्थित कार्यालयों का निरीक्षण करना (4) नगद पुरस्कार आदि के माध्यम से कर्मचारियों को प्रेरित और उत्साहित करना (5) किसी भी स्तर पर आ रही अड़चनों को पारस्परिक सम्पर्क माध्यम से दूर करना ।